**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 07.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा समस्त जनपदवासियों से अपील है कि चोरी व ड्रोन जैसी अफवाहो पर ध्यान न दें। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानो में चलाया गया अभियान।**

**विवरण**– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा समस्त जनपदवासियों से अपील है कि चोरी व ड्रोन जैसी अफवाहो पर ध्यान न दें। इसी क्रम आज दिनांक 07.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा थाना गिरवां क्षेत्र के विंध्यवासिनी मंदिर के आसपास के गांवों में ड्रोन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया है साथ ही अन्य सभी थाना क्षेत्रों पुलिस द्वारा इस अभियान का हिस्सा लेते हुए सभी गांवो मे जा-जाकर सभी ग्रामीणों, विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं को यह बताया गया कि ड्रोन को देखकर घबराएं नहीं। बांदा पुलिस ड्रोन से भी सभी क्षेत्रों की निगरानी कर रही है। ड्रोन, पीआरवी, स्थानीय पुलिस, मुखबिर सभी क्षेत्रो मे सतर्क दृष्टि बनाये हुए है और कोई भी गतिविधि होने में उससे निपटने को लिए बांदा पुलिस तैयार है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन व चोरी से संबंधित अफवाहें फैलाई जा रही हैं। जिससे ग्रामीणों में भय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी होने पर सब से पहले सत्यता की जानकारी कर ले उसके बाद ही पुलिस को जानकारी दें।

**जनपद वासियों से आग्रह है कि कानून को अपने हाथ में न ले क्योकि अफवाहों के आधार पर किसी निर्दोष व्यक्ति से मारपीट करना गंभीर अपराध की श्रेणी मे आता है। किसी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु कि सूचना तत्काल नजदीकी थानों व आपातकालीन नम्बर डायल 112 पर साझा करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है — सहयोग करें।**